हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 31 जनवरी 2026

04 आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में महिला...



07 चाकुओं से गोदकर व्यापारी की नृशंस हत्या...





## खबर संक्षेप

### जिले में चलाया जाएगा जागरुकता अभियान

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 30 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य कुष्ठ पीड़ित व्यक्तियों के प्रति समुदाय में व्याप्त भ्रांतियों एवं भेदभाव को समाप्त करना और जागरुकता लाना है। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा इस अभियान के सुचारू संचालन के लिए जिला स्तरीय एवं ब्लॉक समितियों का गठन किया गया है। जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष कलेक्टर बालागुरू के. हैं तथा ब्लॉक स्तरीय समितियों का अध्यक्ष संबंधित एसडीएम को बनाया गया है। इसके अलावा अन्य संबंधित अधिकारियों को समिति का सदस्य बनाया गया है।

### विद्यार्थी व शिक्षकों को किया जाएगा सम्मानित

**सीहोर।** प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, बौद्धिक विकास एवं शैक्षिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित शैक्षिक ओलम्पियाड के जिला स्तरीय परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा घोषित कर दिए गए हैं। घोषित परिणामों के अनुसार प्रत्येक जिले से प्रत्येक विषय एवं प्रत्येक कक्षा से एक प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी को जिला विजेता के रूप में चयनित किया गया है। जिला स्तर पर 1 से 20 फरवरी 2026 के बीच सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### इंदौर के भागीरथपुरा जैसा बड़ा खतरा टालने की कोशिशों पर अफसरों ने फेरा पानी

# मातहतों ने नहीं माने कलेक्टर के निर्देश जल सुनवाई के नाम पर औपचारिकता

इंदौर में दूषित पानी के कारण हुई 29 मौतों की हृदय विदारक घटना से सबक लेते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले भर में 'जल सुनवाई' आयोजित करने के दिए थे कड़े निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




जिले में प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही इस कदर बढ़ गई है कि अब वे कलेक्टर के निर्देशों को भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। हाल ही में इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण हुई 29 मौतों की हृदय विदारक घटना से सबक लेते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले भर में 'जल सुनवाई' आयोजित करने के कड़े निर्देश दिए थे, लेकिन उनके अधीनस्थ अमले ने इन आदेशों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। बता दें बीती 19 जनवरी को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा था कि जिले की चारों विधानसभाओं सीहोर, आष्टा, इछावर और बुदनी में जल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विशेष 'जल सुनवाई' आयोजित की जाए।

कलेक्टर की मंशा थी कि पेयजल आपूर्ति, गिरते जलस्तर, खराब हैंडपंप और ठप पड़ी नल-जल योजनाओं से जुड़ी शिकायतों का मौके पर ही निराकरण हो, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

### अफसरों की लापरवाही, कागजों तक सिमटे आदेश

हैरानी की बात यह है कि कलेक्टर के इन आदेशों के बावजूद जिले में कहीं भी जल सुनवाई का आयोजन नहीं किया गया। जमीनी स्तर पर काम करने वाले अधिकारियों और संबंधित विभागों ने आपसी समन्वय बनाने के बजाय चुप्पी साध ली। इंदौर की घटना के बाद जहां प्रशासन को अत्यधिक सतर्क होना चाहिए था, वहीं सीहोर के जिम्मेदार अधिकारी इसे हल्के में ले रहे हैं।

### पुरानी पाइप लाइनों से मंडरा रहा खतरा

जिले में पेयजल आपूर्ति का बुनियादी ढांचा बेहद पुराना और जर्जर हो चुका है। सीहोर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में दशकों पुरानी पाइप लाइनों के जरिए पानी की सप्लाई की जा रही है। कई जगहों पर सीवरेज और पानी की पाइप लाइनें आपस में मिल जाने या जंग लगने के कारण गंदे और जहरीले पानी की शिकायतें आती रहती हैं।

### जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़

कलेक्टर ने निर्देश दिए थे कि आमजन की समस्याएं मौके पर सुनकर तत्काल कार्रवाई की जाए ताकि लोगों को राहत मिले, लेकिन धरातल पर सन्नाटा पसरा है। अब सवाल यह उठता है कि क्या जिले के आला अधिकारी किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं।

### मुख्यालय पर ही बने हालात

बता दें जिला मुख्यालय पर ही गदें पानी के हालात बन चुके हैं। शहर के कस्बा स्थित वार्ड क्रमांक 30 में नागरिकों ने गंदे पानी की शिकायत की थी। जिस पर मौके पर पहुंचे नगर पालिका के सीएमओ को भी स्थानीय नागरिकों ने नलों से आ रहे गंदे पानी से अवगत कराया था। बावजूद जिले भर में जल सुनवाई को लेकर अनदेखी की जा रही है। पीएचई ईई व जल सुनवाई के नोडल अधिकारी प्रवीण सक्सेना से जब इस संबंध में फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होने फोन रिसिव नहीं किया।

#### अलग से आदेश नहीं है

जनसुनवाई के साथ जल सुनवाई करने के निर्देश मिले है, अलग से जल सुनवाई के लिए कोई शिविर आदि लगाने के आदेश नहीं है। अभी तक जन सुनवाई में पानी की कमी और दूषित पानी की शिकायत नहीं मिली है।

संजय अग्रवाल, जनपद सीइओ भैरूंदा

# आबकारी अधिनियम के तहत जब्त 2301 लीटर शराब व लाहन की नष्ट

### 641 प्रकरणों में की थी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा गठित समिति द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत आबकारी विभाग के पंजीबद्ध कुल 641 प्रकरणों में जब्त की गई कुल 2301 लीटर देशी/विदेशी/ कच्ची मदिरा एवं महुआ लाहन के 488 सेम्पलों का सीहोर स्थित देशी मद्य भाण्डागार प्रांगण में नष्टीकरण किया गया। यह नष्टीकरण की कार्यवाही लोक निर्माण विभाग के रोड रोलर के माध्यम से की गई। नष्ट की गई मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग सात लाख रुपये है। इस दौरान समिति के अध्यक्ष संयुक्त कलेक्टर जमील खान, जिला आबकारी अधिकारी दीप सिंह राठौर, प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी संगीता नायक, वर्षा उईके, आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुंडल तथा रिया जैन सहित समस्त आबकारी स्टॉफ उपस्थित था।

### दूल्हा बादशाह दरगाह में हुई उर्स आयोजन बैठक

**सीहोर।** हज़रतुल्लाह बादशाह सर्व धर्म हिंदू मुस्लिम एकता दरगाह कमेटी ने सर्व सहमति से राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान को उर्स कमेटी का अध्यक्ष चुना है। दरगाह परिसर में हिंदू मुस्लिम सर्व धर्म कमेटी के अध्यक्ष रिजवान पठान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बाबा साहब की मजार पर दुआ करने के बाद बैठक का प्रारंभ किया गया। जिसमें दूल्हा बादशाह उर्स कमेटी के अध्यक्ष नौशाद खान उपाध्यक्ष सेवा यादव सचिव मुख्तार हाजी अली, भंवरलाल मेवाड़ा अनवर बाबा को कमेटी का पदाधिकारी नियुक्त किया गया।

महाशिवपुराण कथा के साथ नव कुंडात्मक यज्ञहवन का आज होगा समापन

# अमृत पीने वाले देव व विष पीने वाले महादेव के समान : पं. चतुर्भुज चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



देव और दानव ने मिलकर समुद्र मंथन किया। समुद्र मंथन में 14 रत्न सहित जहर भी निकला। अमृत और रत्न सभी ने आपस में बांट लिए मगर जब जहर का नंबर आया तो सभी घबरा गए कि इस हलाहल को कौन पिएगा। सभी ने देवताओं से विनती की लेकिन कोई भी राजी नहीं हुआ अंत में बाबा भोलेनाथ ने विष को अपने गले में धारण किया तभी तो उन्हें नीलकंठ के नाम से जाना जाता है। अमृत पीने वाले देव एवं विष पीने वाले महादेव कहलाए यानी देवों के देव महादेव।

नगर में स्थित श्री योगेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण पर चल रही शिव महापुराण कथा के छठे दिवस पर व्यास पीठ से कथावाचक पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी ने उक्त उद्गार व्यक्त किये। उन्होंने कहा इंसान एक दूसरे से प्रेम करें एवं निंदा का भाव छोड़कर सत्संगी बने सत्संग ही आपको इस भव से पार लगाएगा। शिव पुराण कथा अनेक जगह होती है कई लोग कथा में पहुंचकर कथा श्रवण भी करते हैं। लेकिन किस्मत वाले वही लोग होते हैं जो महापुराण कथा सुनकर उसे अपने जीवन में उतारकर भोलेनाथ के प्रिय हो जाते हैं। कथा के छठवें दिवस भारी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। कथा के विश्राम पर जजमानों द्वारा आरती पूजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। 31 जनवरी को महाशिवपुराण कथा के विश्राम के साथ ही विगत 7 दिनों से चल रहा नव कुंडात्मक यज्ञहवन का भी समापन होगा। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन रखा गया है। सभी भक्तजनों से भंडारे में प्रसादी ग्रहण करने का निवेदन किया है।



### महिलाओं ने फाग उत्सव मनाया

**नलखेड़ा।** हरे कृष्णा हरे राम ग्रुप द्वारा फाग उत्सव मनाया गया। जिसमें महिलाओं द्वारा फाग गाते हुए ठाकुर जी के साथ फूलों से होली खेली गई। स्थानीय जायसवाल कॉलोनी में हरे कृष्णा हरे राम ग्रुप द्वारा फाग उत्सव मनाया गया। फाग उत्सव में महिलाओं ने ढोलक की थाप पर फाग गीतों पर नृत्य किया। फाग उत्सव में राधाकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। फाग गीतों के साथ ठाकुर से फूलों की होली खेली गई। वहीं महिलाओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। अंत में ठाकुर जी को भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया।

# मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा पर अमल के लिए स्मरण पत्र अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

13 माह पूर्व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर को रेल मार्ग से जोड़ने की घोषणा की गई थी। इस घोषणा पर अमल के लिए मुख्यमंत्री को स्मरण पत्र अभियान की शुरुआत शुक्रवार को मां बगलामुखी को स्मरण पत्र समर्पित कर की गई। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 20 दिसम्बर 2024 को सुसनेर के समीप ग्राम पालडा में सौर ऊर्जा परियोजना के लोकार्पण समारोह में नलखेड़ा में स्थित माँ बगलामुखी मंदिर को रेल मार्ग से जुड़वाने की घोषणा की गई थी।

उक्त घोषणा के 13 माह से अधिक समय हो जाने के बाद भी इस पर अमल के लिए कोई आवश्यक कदम नहीं उठाए गए। घोषणा पर अमल करवाने के लिए नगर के नागरिकों द्वारा एक स्मरण पत्र अभियान की शुरुआत की गई है। जिसका श्री गणेश शुक्रवार को मां बगलामुखी को स्मरण पत्र समर्पित कर किया गया। साथ ही माता रानी से कामना की गई कि इस अभियान के माध्यम से मुख्यमंत्री अपने द्वारा की गई घोषणा पर शीघ्र अमल करवाएं।




इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा, मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, पत्रकार दिलीप खंडेलवाल, पप्पू मकवाना, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार खंडेलवाल, एडवोकेट लोकेश गुप्ता, पार्षद गोवर्धन वेदिया, मंडल महामंत्री रितेश सोनी, पत्रकार ऋषि सकलेचा, एडवोकेट विपिन पाटनी, सामाजिक कार्यकर्ता सुबोध सकलेचा दीपक जाधव सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# जिले के अमृत सरोवरों और तालाबों का किया जाए मत्स्य पालन के लिए उपयोगः कलेक्टर

**सीहोर।** जिले में संचालित सहकारी गतिविधियों की समीक्षा के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पैक्स, दुग्ध एवं मत्स्य सहकारी संस्थाओं के पंजीयन, पुनर्गठन, निष्क्रिय संस्थाओं पर की जा रही कार्रवाई तथा सदस्यों के बैंक खाते खोलने की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा सहकारी समितियां सक्रिय रूप से कार्य करें, ताकि अधिक से अधिक किसान उनसे जुड़ें। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में पूर्व में 108 बी-पैक्स पंजीकृत थीं, जबकि वर्तमान में 27 नई बी-पैक्स के पंजीयन के साथ इनकी संख्या बढ़कर 135 हो गई है। भारत सरकार की पैक्स कम्प्यूटरीकरण योजना अंतर्गत डाटा माइग्रेशन की प्रक्रिया अभी स्पष्ट न होने तथा एन.एल.पी. एस.वी.पोर्टल पर आवश्यक सुविधा उपलब्ध न होने के कारण नई पैक्स संस्थाओं के पंजीयन एवं पुनर्गठन की कार्यवाही आगामी निर्देश प्राप्त होने तक स्थगित रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में दुग्ध सहकारी संस्थाओं के गठन पर विचार करते हुए बताया गया कि जिले में गत बैठक के बाद 21 दुग्ध सहकारी संस्थाओं का पंजीयन किया जा चुका है। इसके साथ ही आगामी माह में विभिन्न क्षेत्रों में 4 नवीन दुग्ध सहकारी संस्थाओं के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया।

### केंद्रीय रेल राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

# मां बगलामुखी मंदिर को रेल मार्ग से जोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



शुक्रवार को मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे केंद्रीय रेल राज्य मंत्री व्ही सोमन्ना को भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा एवं जन समस्या निवारण मंच के नेतृत्व में गणमान्य नागरिकों द्वारा मां बगलामुखी मंदिर को उज्जैन-झालावाड़ रेल लाइन के माध्यम से रेल मार्ग से जोड़ने की मांग के ज्ञापन सौंपे गए।

ज्ञापन में बताया कि भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा उज्जैन-झालावाड़ रेल लाइन के लिए फायनल लोकेशन सर्वे करवाया गया था। इस रेल लाइन के माध्यम से नलखेड़ा जिला आगर मालवा में स्थित मां बगलामुखी मंदिर को रेल मार्ग से जोड़ा जा सकता था लेकिन सर्वे कंपनी द्वारा इस ओर से सर्वे नहीं करते हुए इसकी विपरीत दिशा से सर्वे किया गया। उज्जैन-झालावाड़ रेल लाइन के लिए जो सर्वे हुआ था उसमें आगर से इंदौर कोटा मार्ग के पश्चिम दिशा में किया गया था, इसे केवल इंदौर कोटा राजमार्ग के पूर्व दिशा से निकालने पर मां बगलामुखी मंदिर रेल मार्ग से जुड़ सकता है। मां बगलामुखी मंदिर रेल मार्ग से जुड़ जाने से यहाँ प्रतिदिन आने वाले हजारों दर्शनार्थियों को आवागमन बेहद सुविधाजनक हो जाएगा।

ज्ञापन में बताया गया कि यदि उज्जैन-झालावाड़ रेल लाइन के माध्यम से मां बगलामुखी मंदिर जोड़ा जाता है तो इस रेल लाइन का रेट ऑफ रिटर्न कई गुणा बढ़ जाएगा क्योंकि मां बगलामुखी मंदिर पर प्रतिवर्ष 50 लाख से अधिक दर्शनार्थी आते हैं। ज्ञापन में रेल राज्य मंत्री से मां बगलामुखी मंदिर को रेल मार्ग से जोड़े जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की मांग की गई। ज्ञापन सौंपे जाने के उपरांत मंत्री सोमन्ना ने उपस्थित रतलाम मंडल के एमडी को तत्काल इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी जन समस्या निवारण मंच के लोकेश गुप्ता बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार खंडेलवाल पार्षद गोवर्धन वेदिया मंडल महामंत्री रितेश सोनी पत्रकार दिलीप खंडेलवाल पप्पू मकवाना ऋषि सकलेचा सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### केंद्रीय मंत्री सोमन्ना पहुंचे मां बगलामुखी के दरबार

**नलखेड़ा।** शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री सोमन्ना सपत्नीक मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन कर विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। मंत्री सोमन्ना के सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया।



## बिजनेस साइट

# फ्लेक्सिबल बिजनेस साइकिल फंड्स के साथ अगली तेजी के लिए तैयारी

**रतलाम।** पिछले साल ने यह बात याद दिलाई है कि वित्तीय बाजारों की आदत होती है कि वे ठीक उसी समय अंदाजों को बदल देते हैं जब वे सबसे ज्यादा भरोसेमंद लगते हैं। जो लय कभी मार्केट के व्यवहार को अंदाजा लगाने लायक बनाती थी, वह अब बढ़ती महंगाई, बदलती जियोपॉलिटिक्स और तेजी से दखल देने वाले सेंट्रल बैंकों की वजह से अचानक होने वाले उतार-चढ़ाव में बदल गई है। जिसे एक टिकाऊ संतुलन माना जाता था, अब पीछे मुड़कर देखने पर, वह एक अस्थायी शांति लगती है।



तनवीर आलम
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रतलाम

ज्यादा उतार-चढ़ाव वाले माहौल में यह वापसी एक बुनियादी सच्चाई को दिखाती है। मार्केट साइकिल से चलते हैं, और वे साइकिल फिर से अहम हो गए हैं। आर्थिक दौर-बढ़ना, मंदी, गिरावटी और रिकवरी-कमाई के रास्ते, इन्वेस्टर की भावना और सेक्टर के बदलाव को नया आकार देते हैं। फाइनेंशियल और इंडस्ट्री आमतौर पर तब फलते-फूलते हैं जब ग्रोथ बड़े पैमाने पर होती है और क्रेडिट आसानी से मिलता है। इसके उलट, कंज्यूमर स्टेपल, हेल्थकेयर और आईटी सर्विसेज तब भी स्थिर रहती हैं जब भरोसा कम होता है और खर्च कम होता है। जो इन्वेस्टर इन डायनामिक्स को समझते हैं, वे पिछले साइकिल के विजेताओं का पीछा करने से बेहतर स्थिति में होते हैं, जब उनका मोमेंटम पीक पर होता है।


इस बैकग्राउंड में, बिजनेस-साइकिल म्यूचुअल फंड्स ने पॉपुलर होना शुरू कर दिया है। वे मैक्रोइकॉनॉमिक रीडिंग्स-इन्फ्लेशन ट्रेंड्स, इंटरेस्ट-रेट एक्सपेक्टेशंस, इंडस्ट्रियल आउटपुट, ट्रेड-फ्लो और क्रेडिट कंडीशंस-के आधार पर फैसले लेते हैं। उनका मैंडेट डिसाइडिव रीएलोकेशन की इजाजत देता है-जब ग्रोथ सिंक्रोनाइज्ड हो तो डोमेस्टिक और ग्लोबल साइक्लिकल्स की तरफ, जब फॉरेन डिमांड डोमेस्टिक से ज्यादा मजबूत हो तो एक्सपोर्ट-संचालित फर्मों की तरफ और जब दोनों इकॉनमीज मोमेंटम खो दें तो डिफेंसिव्स की तरफ। जब इंडिया की ग्रोथ कमजोर ग्लोबल बैकग्राउंड से आगे निकल जाती है, तो वे लोकल डिमांड से फायदा उठाने के लिए डोमेस्टिक साइक्लिकल्स की तरफ वापस झुक जाते हैं।

इन फंड्स को जो बात अलग बनाती है, वह उनके भविष्य के अनुमानों की सोफिस्टिकेशन नहीं, बल्कि उनकी स्ट्रक्चरल फ्लेक्सिबिलिटी है। ऐसी दुनिया में जहां मॉनेटरी सिस्टम्स कंपनियों की अडैप्टेशन से ज्यादा तेजी से बदलते हैं, ऐसी अडैप्टेबिलिटी लंबे समय तक मिसअलाइनमेंट के खिलाफ एक सुरक्षा कवर देती है। बिना मेहनत के रिटर्न का जमाना खत्म हो गया है, और उसकी जगह एक ऐसा जमाना आ गया है जिसमें डिसिप्लिन और साइक्लिकल अवेयरनेस पहले से कहीं ज्यादा मायने रखते हैं।

जो इन्वेस्टर्स इकॉनमिक टाइड के साथ एडजस्ट करने को तैयार हैं, उनके पास रेजिलिएंस बनाए रखने और अगली तेजी को पकड़ने का कहीं बेहतर मौका है। इसी के हिसाब से, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड के बारे में सोच सकते हैं। जनवरी 2021 में लॉन्च हुआ यह फंड अपने लगातार अच्छे परफॉर्मेंस के लिए जाना जाता है। 30 नवंबर, 2025 तक, इसने एक साल में 13.41 प्रतिशत का सीएजीआर और तीन साल में 21.66 प्रतिशत का अच्छा सीएजीआर और शुरू होने के बाद से 21.58 प्रतिशत का अच्छा सीएजीआर पोस्ट किया, जिसने इन समय में अपने बेंचमार्क से 4.7 प्रतिशत बेहतर परफॉर्म किया।

**खबर संक्षेप**

## 1 फरवरी को निकलेगी खाटूश्याम निशान यात्रा



**देवास।** मां तुलजा भवानी एवं चामुण्डा मैय्या की पावन धरा पर श्री श्याम सरकार परिवार द्वारा सातवें वर्ष भी भव्य खाटूश्याम निशान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के श्याम भक्त बड़ी संख्या में शामिल होंगे। निशान यात्रा रविवार को सुबह 9 बजे लक्ष्मीनारायण मंदिर, शुक्रवारिया हाट, देवास से प्रारंभ होगी। यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए एल.आई.जी. मुखर्जी नगर, पॉयनियर स्कूल के पास स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर पहुंचेगी, जहाँ समापन होगा। आयोजन के कमल गुर्जर, अभय तावर, रवि पटेल, गौरव सोनी, निखिल, आशीष, जितेन, अरुण, रोहित उपाध्याय, अजय परिहार बना, मंगल सोलंकी, सुनील वर्मा, कमल राठौर, कपिल यादव, पंकज जैन, अनिल वर्मा, जितेन शर्मा आदि सदस्यों ने सभी श्याम प्रेमियों से श्रद्धा और भक्ति के साथ निशान यात्रा में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम का आयोजन श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के सान्निध्य में तथा श्री श्याम सरकार परिवार के निवेदन पर किया जा रहा है। उक्त जानकारी विक्की गुप्ता ने दी।

### एसपी गेहलोद के नेतृत्व में थाना बरोठा पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

# आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

### सुसाइड नोट बना अहम सबूतआरोपियों ने पीड़ित को मानसिक प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए किया मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आत्महत्या के लिए उकसाने के एक गंभीर मामले में बरोठा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला ग्राम पटाड़ी का है, जहां 24 दिसंबर को कैलाश नायक (46) ने अपने घर पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी।फरियादी सुरेन्द्र चौधरी की सूचना पर थाना बरोठा में मर्ग क्रमांक 52/2025 धारा 194 बीएनएस के तहत मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मृतक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया।जांच में सामने आया कि मृतक कैलाश को उधार की राशि को लेकर दबाव, प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद और पत्नी के घर छोड़कर जाने की स्थिति को लेकर दबाव बनाया जा रहा था।उक्त बातों को लेकर अनोप सिंह, संदीप, कोमल यादव एवं सुभाष द्वारा लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस के अनुसार इसी प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर मृतक ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।जांच उपरांत थाना बरोठा में अपराध क्रमांक 25/2026 धारा 108 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर तकनीकी व भौतिक साक्ष्यों के आधार पर 29 जनवरी की रात आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपराध स्वीकार किया। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने अनोप सिंह (48), ग्राम कनेरियासंदीप जैन (39), मूल निवासी टीकमगढ़, हाल इंदौरकोमल यादव (40), मूल निवासी पोलाय, हाल इंदौर को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सविता सिंह सहित बरोठा थाना स्टाफ एवं साइबर सेल देवास की टीम का विशेष योगदान रहा।

# तेंदुए ने चारा काटते किसान पर किया हमला

### दराती से किया बचाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास


जिले के रोजड़ी गांव में शुक्रवार सुबह एक किसान पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। किसान अपनी गाय के लिए खेत पर घास काटने गया था, तभी उस पर हमला हुआ। घायल किसान को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, रोजड़ी निवासी लाखन सिंह पिता गुलाब सिंह राजपूत सुबह अपनी गाय के लिए घास काटने खेत पर गए थे। इसी दौरान तेंदुए जैसे जानवर ने उन पर हमला कर दिया। लाखन सिंह ने अपने हाथ में दराती होने के कारण किसी तरह अपना बचाव किया और जान बचाई।हमले में किसान के गले और कंधे पर गहरे नाखून के घाव लगे हैं, साथ ही दांत के निशान भी पाए गए हैं। घटना के बाद ग्रामीण लाखन सिंह को घायल अवस्था में देवास के जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया।

गांव के सरपंच पुत्र रोहित सिंह राजपूत ने बताया कि दो दिन पहले भी इसी जंगली जानवर ने एक गाय और बछड़े को निशाना बनाया था। ग्रामीणों ने वन विभाग को इस घटना की सूचना दी है और जंगली जानवर को पकडऩे (रेस्क्यू) की मांग की है। किसान पर हमले की सूचना मिलने के बाद वन विभाग के कर्मचारी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। वे पगमार्क के आधार पर जांच करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसान पर किस जानवर ने हमला किया था। वन विभाग के कर्मचारी अस्पताल में भी किसान से मिलने पहुंचे थे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई

**भौरासा।** नगर मे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। भौरासा ब्लाक कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद्र ईनानी द्वारा माल्यार्पण किया गया व पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव द्वारा महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, पिरूभाई ठेकेदार,पार्षद गुलरेज मदनी, पार्षद अफजल मंशुरी,अनिल जायसवाल, कृष्णकांत डोडीया,जयप्रकाश चौधरी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता गण मौजूद थे।



# अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव हेतु हुई एक दिवसीय आपदा प्रबंधन कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मध्य प्रदेश शासन (गृह विभाग) एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में विक्रम सभा भवन, देवास में अग्नि दुर्घटनाओं से संबंधित एक दिवसीय आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर रितु चौरसिया उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में चरणसिंह राजपूत, सब इंस्पेक्टर, फायर स्टेशन इंदौर द्वारा आग के प्रकार एवं उसे बुझाने की विभिन्न विधियों की जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में प्लाटून कमांडेंट वीना कौशल ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की विस्तृत जानकारी प्रदान की। तृतीय सत्र में संजय बारोनिया, प्रोफेसर, के.पी. कॉलेज देवास द्वारा अग्निशमन से संबंधित तकनीकी जानकारी दी गई तथा प्रतिभागियों को प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया। चतुर्थ सत्र में अग्नि दुर्घटना के दौरान सीपीआर (सीपीआर) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सनमित सिंह, डायरेक्टर दशमेश द्वारा एसडीआरएफ टीम के सहयोग से प्रशिक्षार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन दल, स्थानीय प्रशासन, एनसीसी कैडेट्स, सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स, होमगार्ड एवं एसडीआरएफ की टीमों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि रितु चौरसिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को आपदा किट एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्लाटून कमांडेंट द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत निकाली गई मोटरसाइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्ष-2026 को ''कृषक कल्याण वर्ष'' के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत जिलास्तर पर शुक्रवार को किसानों द्वारा मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली को कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कलेक्टर कार्यालय से शुरू होकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सयाजी द्वार, जवाहर नगर एवं विकास नगर होते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र बालगढ पहुंची। जहां किसान संगोष्ठी का आयोजन कर रैली का समापन किया गया।रैली में जिले के सैकडों की संख्या में जैविक/प्राकृति खेती करने वाले कृषक, पशुपालन एवं नवाचारी किसानों ने मोटरसाईकिल रैली में बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर विजयसिंह पंवार, उप संचालक कृषि गोपेश पाठक, उप संचालक पशु पालन डॉ. सुनील गुरोंदिया, सचिव, कृषि उपज मंडी अरविन्द परिहार, सहायक संचालक कृषि विलास पाटिल, लोकेश गंगराडे, कल्पना तिर्की सहित सम्बद्ध विभाग के अधिकारी/कर्मचारी व विभागीय अमला मौजूद रहा।

# कांग्रेस ने मनाई गांधी जी की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सत्य और अहिंसा का मार्ग केवल एक नारा नहीं, बल्कि उस पर चलकर देश को आज़ादी दिलाना सबसे कठिन और महान कार्य था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत ने इसी मार्ग पर चलकर स्वतंत्रता प्राप्त की। आज जब दुनिया के कई देश आपसी संघर्षों में उलझे हैं, तब गांधीजी का सत्य और अहिंसा का मार्ग ही हमारे देश में शांति बनाए रखने का आधार है। यही बापू का दिखाया रास्ता है, जिस पर आज विश्व के अनेक देश चलने का प्रयास कर रहे हैं। उक्त विचार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शिवाजी पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने तथा दो मिनट का मौन रखने के बाद व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमें सबको साथ जोडक़र रखने, सौहार्द, राष्ट्रीय एकता तथा सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। यही महात्मा गांधी की सीख है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता भगवान सिंह चावड़ा और रोशन रायकवार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सुधीर शर्मा ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुजीत सांगते, नरेंद्र यादव, शाहजी हाशमी, शिवनारायण हाड़ा, इम्तियाज शेख, भल्लू, जितेंद्र सिंह गौड़, धीरज कल्याणे, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, रूपेश कल्याणे, ईशान राणा, समीर शर्मा, मनोज सांगते, सोनू जे.जे., निलेश वर्मा, सुभाष वर्मा, मलखान देवड़ा, संजय रेकवाल, दीपेश हरोड़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। अंत में सभी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों से सराफा व्यापारी हो रहे परेशान, कलेक्टर-एसपी के नाम दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के सराफा और साहूकार व्यापारियों ने सीएम हेल्पलाइन 181 पर लगातार मिल रही शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की है। इस संबंध में सराफा व्यापारी एसोसिएशन ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने अपनी परेशानियां बताईं।व्यापारियों का कहना है कि कई लोग 5 से 10 साल पुराने गिरवी रखे सोना-चांदी के मामलों को लेकर अब शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। इन शिकायतों पर पुलिस बिना पूरी जांच किए ही व्यापारियों को थाने बुला रही है।पुलिस द्वारा अनावश्यक रूप से थाने बुलाए जाने से व्यापारियों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही उनका दैनिक कामकाज भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।व्यापारियों ने बताया कि गिरवी रखते समय ग्राहक को नियम, समय-सीमा और भुगतान की पूरी जानकारी दी जाती है। यदि तय समय पर पैसे नहीं चुकाए जाते, तो नियमों के अनुसार गिरवी रखे सामान का निपटारा कर दिया जाता है। इसके बावजूद सालों बाद ग्राहक शिकायत कर रहे हैं, जिसे अनुचित मानते हैं। एसोसिएशन ने मांग की है कि ऐसे मामलों को आपसी लेन-देन का विवाद माना जाए और पुलिस द्वारा व्यापारियों पर दबाव न बनाया जाए। इसके अतिरिक्त, सराफा व्यापारियों ने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की भी मांग की है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली पर शुक्रवार को गांधीजी की पुण्यतिथि के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में बीएमओ डॉ, अमित नागर द्वारा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर स्पर्श जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। नागर ने अपने उद्बोधन में बताया कि कुष्ठ रोग माइकोबैक्टीरियम लेप्री जीवाणु के कारण होने वाला एक दीर्घकालिक लेकिन उपचार योग्य संक्रामक रोग है। यह मुख्य रूप से त्वचा, परिधीय तंत्रिकाओं, ऊपरी श्वसन पथ और आँखों को प्रभावित करता है। शीघ्र निदान बहु-औषधीय चिकित्सा द्वारा से दिव्यांगता को पूरी तरह रोका जा सकता है और यह बीमारी अब असाध्य नहीं है। इसका इलाज सरकारी अस्पताल में मुफ्त मे किया जाता है। इस अवसर पर बीईई राधेश्याम चौहान ने कहा कि यह संक्रमणः बहुत अधिक संक्रामक नहीं है और लंबे समय तक नजदीकी संपर्क से ही फैलता है। कार्यक्रम में डॉ.पपीता सोलंकी,अनिल जोशी , मेहरू वास्केल, मानसी गुप्ता, सुनिल मुजाल्दे आदि स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन बागली सुपरवाजर नन्दकिशोर मोहवाल एवं आभार मनोहर यादव ने माना।सभी कर्मचारियो को कुष्ट रोग के ईलाज की शपथ बीएमओ डक्टर नागर ने दिलावाई।

### सेन थॉम एकेडमी को मिला राष्ट्रीय सम्मान, दूसरी बार बना ग्रीन स्कूल

# वॉटर वाइज अवॉर्ड से सम्मानित बना देश का एकमात्र विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भोपाल रोड स्थित सेन थॉम एकेडमी को सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट, नई दिल्ली द्वारा लगातार दूसरे वर्ष पुनः 'ग्रीन स्कूल' के रूप में सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही विद्यालय को जल संरक्षण और प्रभावी जल प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'GSP वॉटर वाइज अवॉर्ड' से भी सम्मानित किया गया है।ज्ञात हो कि इस वर्ष पूरे भारत में केवल सेन थॉम एकेडमी को ही वॉटर वाइज अवॉर्ड प्राप्त हुआ है, जो विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उपलब्धि है। इसके अतिरिक्त, मध्य प्रदेश से केवल पाँच निजी विद्यालयों को ही ग्रीन स्कूल का सम्मान प्राप्त हुआ है, जिनमें सेन थॉम एकेडमी का नाम प्रमुख है। यह उपलब्धि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में विद्यालय की अग्रणी भूमिका को दर्शाती है।GSP ऑडिट 2025-26 रेटिंग्स के अनुसार, देशभर में मात्र 5.85% विद्यालयों को ही 'ग्रीन स्कूल' माना गया है। मध्य प्रदेश से यह सम्मान प्राप्त करने वाले अन्य निजी विद्यालयो में डीपीएस, इंदौर; श्रीराम सेंटेनियल, इंदौर; ग्वालियर ग्लोरी हाई स्कूल, ग्वालियर; तथा सेंट राफेल्स, इंदौर भी शामिल हुए।यह सम्मान विद्यालय द्वारा परिसर में निरंतर लागू की गई समेकित जल प्रबंधन प्रणालियों और विभिन्न पर्यावरण-अनुकूल पहलों के माध्यम से प्रदर्शित मजबूत सतत विकास प्रतिबद्धता को दर्शाता है।सम्मान समारोह का आयोजन इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में किया गया, जिसमें देशभर से पर्यावरणीय जिम्मेदारी के लिए समर्पित संस्थानों ने भाग लिया।इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में एक और उपलब्धि जोड़ते हुए, सेन थॉम एकेडमी की छात्राएँ शांभवी मिश्रा और रवीना चौधरी ने 'द ग्रीन पिच' में प्रतिनिधित्व किया। यह मंच युवा नवप्रवर्तकों को अपने प्रभावशाली हरित विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करता है, जो पर्यावरण के प्रति जागरूक भविष्य के नेतृत्व को विकसित करने पर विद्यालय की इच्छाशक्ति को दर्शाता है।विद्यालय की ओर से प्रीति गंजीवाले एवं प्रियंका मिश्रा, छात्राएँ शांभवी मिश्रा और रवीना चौधरी के साथ नई दिल्ली में यह सम्मान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर प्रधानाचार्य, समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।

## थाना कमलापुर पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत की कार्रवाई



**चापडा।** पुलिस थाना कमलापुर पर 25 जनवरी को फरियादी सीताराम पिता फट्टू सिंह निवासी नयाखेड़ा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 को रात्रि 8 बजे करीब उसके घर में विजेंद्र पिता देवी सिंह मालवी निवासी नया खेड़ा का छत के रास्ते घर में प्रवेश करता हुआ मिला। जिसे रोका टोका तो धक्का देकर भाग गया जो चोरी करने की नीयत से घर में घुस था। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कमलापुर पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त बदमाश घटना दिनांक से ही फरार हो गया था। जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन मे थाना प्रभारी कमलापुर उनि एस एस मीना के नेतृत्व मे तत्काल एक पुलिस टीम गठित की गई जिसके द्वारा लगातार काम करते हुए मुखबिर सूचना के आधार पर मुक्त आरोपी विजेंद्र मालवीय को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी विजेंद्र पिता देवी सिंह मालवीय उम्र 23 साल निवासी ग्राम नया खेड़ा थाना कमलापुर उक्त सभी गिरप्तार आरोपी को न्यायालय बागली में पेश किया गया है!समस्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा, प्रधान आरक्षक सत्यप्रकाश मिश्रा, आरक्षक अरुण वर्मा,सैनिक रविंद्र मालबिय की सराहनीय भूमिका रही ।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से हुई थी मौत, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पटौवा में रहने वाले हीरालाल पुत्र मगनलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 16 जनवरी को उसका बड़ा पुत्र राजेन्द्र कुमार पाल कुछ काम से बिरधा के बाजार आया था। काम समाप्त कर बिरधा से गांव जाते समय शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच नेशनल हाई-वे 44 को पार करते समय ललितपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने राजेन्द्र पाल की मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 सी 1497 को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राजेन्द्र को 1033 के जरिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सक ने राजेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### पड़ोस में रहने वाले युवकों पर हमले का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला रावतयाना ग्राम पनारी टपरियन में रहने वाली गीता पटेल पत्नी शंकर सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। बताया कि आशीष पटेल व लव, धर्मेंद्र मकान में किराये से रहते हैं। आगे बताया कि शाम के समय जब वह छत पर सूख रहे कपड़े उठाने के लिए गयी तो उसने देखा कि दो-तीन लड़के सामने वाली छत पर घूम रहे थे, जो कि उसे देखकर गालियां देने लगे। बताया कि 26 जनवरी को शाम करीब साढ़े पांच बजे शाम को आशीष पटेल द्वारा अपने मित्र शक्ति राजा पुत्र भरत सिंह निवासी चौकाबाग, आशीष निवासी भौंरट व लव नाम के लड़के ने उसके साथ गालियां दीं और मारपीट पर आमादा हो गये। पीड़िता ने जैसे तैसे घर के अंदर छिपकर अपनी जान बचायी। बताया कि मामले का वीडियो रिकॉर्ड उसके पास मौजूद है। आरोप लगाया कि उक्त लोग घर में लड़की लाते हैं और रोकने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### तीमारदार ने डॉक्टर पर किया जानलेवा हमला

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत ग्राम बारौन में रहने वाले डा.बृजकिशोर पुत्र किशनलाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह जिला अस्पताल में नियुक्त है। आरोप है कि बीते रोज वह अस्पताल की इमरजेंसी में ईएमओ पद पर अपनी ड्यूटी कर रहा था। तभी एक मरीज आया, उसके साथ तीन लोग भी तीमारदार के रूप में आये, जिनके साथ एक बच्चा बीमार था। हालत गंभीर होने के कारण वह उसका उपचार कर रहा था। इसी बीच उन्होंने मदद के लिए कॉल पर बाल रोग विशेषज्ञ से सलाह ले रहा था, तभी मरीज को बेहतर उपचार के लिए उन्होंने बात की, तभी किसी बात को लेकर तालबेहट के हर्षपुर निवासी शिवम यादव पुत्र फारसी उसके साथ मारपीट करने लगा। गाली-गलौज होते देख इमरजेंसी वार्ड में अफरा-तफरी मच गयी, जिससे मरीजों का इलाज बाधित हो गया और इमरजेंसी कार्य कुछ समय बाधित हो गया। डाक्टर ने बताया कि गरिमा को काफी छति पहुंची है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### मां को खाना देने जा रही युवती से मारपीट

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा के ग्राम मजगुवां में रहने वाली कु.पिंकी पुत्री भैय्यन अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 29 जनवरी को अपराह्न साढ़े बारह बजे गांव की अमोदाबाई पत्नी कल्ले अहिरवार व अंगद पुत्र कल्ले ने जब वह अपनी मां रामवती को खाना देने आ रही थी तभी शारदा माता मंदिर के सामने रनगांव रास्ते में रोक लिया और गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी।

### पड़ोसियों में जमकर चले लाठी-डंडे, पत्थरों से हमला

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम भैंरा में रहने वाली जाहर सिंह पुत्र थान सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 28 जनवरी की शाम करीब 7.30 बजे वह घर पर था, तभी गांव के चन्दन पुत्र पुनू, जगदीश व राजेन्द्र सिंह पुत्रगण चन्दन, मानवेन्द्र पुत्र जगदीश, सुनीता पत्नी जगदीश, गुडिया पत्नी राजेन्द्र ने एकराय होकर उसे गालियां दीं। मना करने पर उक्त लोगों ने पत्थर, लाठी-डंडे से मारपीट कर दी।

## दुकान की रजिस्ट्री कराने को लेकर हुई वारदात

# चाकुओं से गोदकर व्यापारी की नृशंस हत्या, आरोपी पकड़ाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**



शुक्रवार की सुबह शहर में उस समय हड़कम्प मच गया, जब घर बुलाकर व्यापारी की चाकुओं से गोदकर नृशंस हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही एसपी मो. मुश्ताक, एएसपी कालू सिंह, सीओ सिटी अजय कुमार और कोतवाली पुलिस दलबल सहित जिला अस्पताल पहुंच गए। वहीं पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल पर जाकर मौका मुआयना किया और फॉरेंसिक व टेक्निकल पुलिस टीम ने साक्ष्य जुटाए। बताया जा रहा है कि मोहल्ला छत्रसालपुरा में रहने वाले हरी पटवा ने कटरा बाजार स्थित एक दुकान का सौदा नझाई बाजार में रहने वाले प्रेम अग्रवाल पुत्र मुरलीधर अग्रवाल के साथ किया था।

कई वर्षों पहले हुये दुकान के इस सौदे में तत्समय के अनुसार प्रतिफल प्रेम अग्रवाल को दिया गया था, लेकिन तत्समय दुकान की रजिस्ट्री नहीं करायी गयी थी। इस पर हरी पटवा ने बाद में रजिस्ट्री कराने की बात कही थी। चूंकि कुछ वर्षों पहले हरी पटवा का निधन हो गया था, लिहाजा उनके पुत्र इस दुकान की रजिस्ट्री कराने की तैयारी में थे। इस बात को प्रेम अग्रवाल व उनका प्रकाश नाम का पुत्र जिसका सही नाम राकेश अग्रवाल भी बताया जा रहा है ने टालना शुरू कर दिया। लम्बे समय तक रजिस्ट्री कराने की बात को टाले जाने से आहत हरी पटवा का छोटा पुत्र 35 वर्षीय कृपासागर पटवा अपने पत्नी 32 वर्षीय रजनी व भाई को साथ लेकर 30 जनवरी शुक्रवार की सुबह करीब 11.30 बजे नझाई बाजार स्थित प्रेम अग्रवाल के घर जा पहुंचा, जहां राकेश उर्फ प्रकाश उसे मिला।

### दुकान की रजिस्ट्री कराने की तारीख को लेकर वार्ता कर रहे थे

घर के एक कमरे में बैठकर सभी दुकान की रजिस्ट्री कराने की तारीख को लेकर वार्ता कर रहे थे। इसी बीच राकेश उर्फ प्रकाश ने कृपासागर पटवा को दूसरे कमरे में बुलाया। दूसरे कमरे में जैसे ही कृपासागर पहुंचा तो राकेश अग्रवाल अचानक से उस पर हमलावर हो गया और धारदार चाकू से पहले गर्दन पर प्रहार कर दिया और दूसरा हमला करते हुये उसने चाकू सीधा पसलियों के बीच से सीने में उतार दिया।

चीख-पुकार सुनकर दूसरे कमरे में बैठे कृपासागर का भाई डब्बू पटवा व पत्नी रजनी भी मौके पर पहुंची, जहां उन्होंने कृपासागर पटवा को रक्त रंजित अवस्था में देखा। इसी बीच कृपासागर निढ़ाल होकर जमीन पर गिर पड़ा। डब्बू पटवा का आरोप है कि कृपासागर को मारने के बाद राकेश उर्फ प्रकाश ने उसे उठाकर सड़क पर फेंक दिया। यह मंजर देखकर वहां लगने वाली सब्जी मण्डी में आये लोग भी सन्न रह गये। घटना के बाद लोग तत्काल कृपासागर को उठाकर जिला अस्पताल की ओर भागे, यहां पहुंचने पर अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने कृपासागर को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल राकेश अग्रवाल के नझाई बाजार स्थित आवास पर पहुंच कर मौके को सील कर दिया। इधर सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक जिला अस्पताल के इमरजेंसी पहुंचे, जहां उन्होंने मृतक के भाई डब्बू पटवा से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली।

**इनका कहना है**

दुकान को लेकर मृतक के परिजनों ने रुपये दिये थे। दुकान की रजिस्ट्री को लेकर इन्हें घुमाया जा रहा था। शुक्रवार को मृतक इनके घर गये थे और यह घटना घटित हुयी। घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस जांच कर रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।
**मो.मुश्ताक, एसपी ललितपुर**

## गांधी को पुण्यतिथि पर याद किया

# सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय का प्रतीक है गांधी का जीवनः रजक




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर।**

जिला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। आज के समय में उनके विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलकर समाज में भाईचारा, समानता और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करना होगा। वहीं जिला मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह ने कहा कि गांधी जी ने हमेशा गरीब, मजदूर और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज़ को प्राथमिकता दी। आज मनरेगा जैसे जनकल्याणकारी कानून उन्हीं के विचारों की देन हैं, जिन्हें कमजोर करने की कोशिशों का कांग्रेस पार्टी मजबूती से विरोध करती रहेगी। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करने और उन्हें जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। संचालन नगर अध्यक्ष राम नरेश दुबे ने किया। जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, रफीक अली, और सुपर मार्केट में महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की और पूर्व नपाध्यक्ष ने गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर विचार रखे। इस दौरान अजय तिवारी, संतोष शर्मा, अशोक स्वर्णकार, पवन संज्ञा पत्रकार, अजित भारती पत्रकार के अलावा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### नझाई में मनाई पुण्यतिथि

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि नजाई बाजार स्थिति सब्जी मण्डी में मु.इब्राहिम की अध्यक्षता तथा शकील मंसूरी के संचालन में हुई। इस दौरान मु.सब्बीर ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन साथी अहिंसा और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। जीवन में विलासिता को दूर रखा और उन्होंने गरीब मजदूरों के साथ अपना जीवन बड़ी बहादुर के साथ देश को आजाद करने के लिए समर्पित किया।

## अमृत मिशन योजना में डाली जा रही पाइप लाइन

# पाइप डालने खोदी सड़कों को जल्द पूर्ण करें : नपाध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**



अमृत मिशन योजना अंतर्गत शहर में डाली जा रही पाइप लाइनों के चलते क्षतिग्रस्त पड़ी सड़कों की मरम्मत कराये जाने एवं वार्डों में पेयजल की उचित व्यवस्था को लेकर नपाध्यक्ष सोनाली जैन की अध्यक्षता में जल निगम के अधिकारियों एवं वार्ड पार्षदों के साथ मोहल्ला कटरा बाजार में स्थित कैम्प कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। नपाध्यक्ष ने जल निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए तय समय में कार्य पूर्ण कराने एवं जीर्णशीर्ण सड़कों की जल्द से जल्द मरम्मत कराये जाने हेतु निर्देशित किया। वहीं जल निगम के अधिकारियों द्वारा 10 फरवरी तक नगर क्षेत्र में स्थित समस्त वार्डों में क्षतिग्रस्त पड़ी सड़कों की मरम्मत कराये जाने का आश्वासन देकर नये कार्य पर पूर्णतः रोक लगाये जाने हेतु कहा गया। बैठक में नपाध्यक्ष ने जल निगम के अधिशासी अभियंता अश्विनी कुमार को अवगत कि जल निगम द्वारा जिन ठेकेदारों को पाइप लाइन डालने हेतु कार्य दिया गया है वह उनका सत्यापन कराने उपरांत संज्ञान में आया कि विभाग द्वारा सही तरीके से कार्य नहीं किया जा रहा है, कई जगह वार्डों में सड़कों पर गडढे कर उन्हें खुला छोड़ दिया गया है, जिससे कि रोजाना आमजन को समस्या पैदा हो रही है साथ ही आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। इसके बाद कई मोहल्ले ऐसे है जहां पर जल निगम द्वारा पाइप लाइन तो डाल दी गई है, लेकिन अभी तक मोहल्ले में पेयजल व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई गई। अधिशासी अभियंता ने नपाध्यक्ष को 10 फरवरी तक नगर के समस्या वार्डों में क्षतिग्रस्त पड़ी सड़कों की मरम्मत कराये जाने का आश्वासन दिया गया व उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में किसी भी वार्ड में नई सड़कों को पाइप लाइन के लिए क्षतिग्रस्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले शहर में जो भी सड़कें क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है, उन सभी सड़कों का रोस्टर जारी करते हुए उनके मरम्मीकरण एवं उन सभी वार्डों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। नपाध्यक्ष ने बताया कि आगामी समय में गर्मी का मौसम शुरू होने वाला है, जिससे जिन वार्डों में पेयजल की अत्याधिक समस्या है सबसे पहले उन्हीं वार्डों में कार्य कराया जाये, इसके अलावा अन्य वार्डों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये, अध्यक्ष महोदया द्वारा कहा गया कि वार्ड नंबर 12 मोहल्ला आजादपुरा में बन रही पानी की टंकी को तैयार किये जाने हेतु मैन पावर बढ़ाते हुए जल्द से जल्द समस्याग्रस्त वार्ड 12, 15, 16, 17 व 04 नंबर वार्ड में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाये। इस दौरान विवेक जैन, पार्षद मनमोहन चैबे, पार्षद प्रतिनिधि अमित कुशवाहा, अधिशासी अभियंता जल निगम अश्विनी कुमार, शिशुपाल कौरव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## साबका ए महफिले मीलाद शरीफ मुकाबला संपन्न

# करीमी ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहराया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**




एस.के.मंसूरी उर्दू अदब बैनर के तले साबका ए महफिले मीलाद शरीफ मुकाबला सरवर हिंदुस्तानी के निवास पर अधिवक्ता रामकृष्ण कुशवाहा एड एवं मु.अकरम झांसी की संयुक्त अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन करीम पप्पू राईन एवं सरवर खान मंसूरी ने किया। कार्यक्रम में बरकाती ने नाते पाक करते हुए आगाज किया। इसके ठीक बाद नगर के हर मोहल्ले व ग्रुपों ने हम्दे नाते पाक से महफिल में चार चांद लगा दिए और मुकाबला को रोमांचकारी बना दिया।

समूह में गरीब नवाज और नूर ए मुस्तफा गोविंद नगर के बीच मुकाबला चला रहा। इस मौके पर बच्चों में अनीशा बेगम चिरगांव, मोहम्मद अकरम झांसी, करीम पप्पू राईन, सुमनलता शर्मा चांदनी, हाफिज इसराइल बरावती, अब्दुल बारी पार्षद, एम.आर.खान, देवशरण उपाध्याय, मौलवी आबिद राजा की निगरानी में यह ऐतिहासिक कार्यक्रम चला रहा। बच्चों के इस मुकाबले को देखकर उपस्थित लोगों में आश्चर्य पड़ गए कि छोटे-छोटे बच्चों ने बड़ी ही सरल और सहज भाषा में मुकाबले में भाग लिया और अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इधर साबका ए महफिल मीलाद शरीफ का परिणाम सुरक्षित रखा गया। स्कूल के बच्चों जो इलाहाबाद बोर्ड से उर्दू विषय में 60 से ऊपर अंक लेकर आए थे, जिले की बसीफा को करीम पप्पू राईन, अब्दुल बारी पार्षद ने प्रतिभागी को सर्टिफिकेट एवं मूवमेंट देकर सम्मानित किया। डिप्लोमा उर्दू का भी वितरण किया गया, जिसमें नाजमीन सिमरन विशाखा सेन साबिर खान, मेहजबी, अंशिका सेन, हुमेरा आदि बच्चों को एनसीपीएल दिल्ली ऊर्द डिप्लोमा एवं मूवमेंट देकर सम्मानित किया गया। इधर करीमी ग्रुप को 91 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तो फैजा ने सदन को 90 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। नूर-ए-मुस्तफा ने 89 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सदा ए मदीना ने 84 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया। जबकि गरीब नवाज ग्रुप ने 81 अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के सरपरस्ती सरवर खान ने उपस्थित सभी स्थानीय एवं बाहर से आए साथियों का हृदय से आभार जताया।

## प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

# क्षत्रिय महासभा ने यूजीसी का विरोधकर, प्रदर्शन किया



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, श्रीराजपूत करनी सेना के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम भूपेंद्र यादव को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा हाल ही में लिया गया निर्णय देश की शैक्षणिक व्यवस्था में गम्भीर असंतुलन उत्पन्न करने वाला प्रतीत हो रहा है। यह निर्णय योग्यता परिश्रम तथा समान अवसर की संवैधानिक भावना के प्रतिकूल है, जिसके कारण शिक्षाविदों छात्रों एवं अभिवावकों में व्यापक असंतोष व्याप्त है। यह विषय राष्ट्रीय मीडिया सामाजिक मंचों एवं जन चर्चा में उभरकर सामने आ रहा है। देशभर में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं शैक्षणिक संगठनों द्वारा विरोध दर्ज कराया जा रहा है, जो यह दर्शाता हैं कि इस पर गहन अध्ययन कर उक्त पर पुनर्विचार अत्यंत आवश्यक है। हम सभी यह कहना चाह रहे हैं कि हमारा उद्देश्य किसी भी वर्ग समुदाय के लोगों के अधिकारों के विरुद्ध नहीं है। बल्कि न्याय संतुलन एवं योग्यता आधारित शिक्षा व्यवस्था के संरक्षण के लिए है। शिक्षानीति में किसी भी प्रकार का असंतुलन समाज में असहमति एवं वैमनस्यता को जन्म दे सकता है, जो राष्ट्रहित में नहीं है। प्रधानमंत्री से आग्रह है कि यूजीसी के इस विवादित निर्णय को वापिस लिया जाए। सभी संबंधित पक्षों एवं शिक्षाविदों से संवाद स्थापित कर पुनर्विचार किया जाए। शिक्षा व्यवस्था में योग्यता एवं समान अवसर की संवैधानिक भावना को पूर्णता सुरक्षित किया जाए। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके दूरगामी नेतृत्व में इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। तथा देश की शैक्षणिक समरसता तथा सामाजिक संतुलन बनाए जा सके। मुन्ना सिंह चौहान, बृजेंद्र सिंह परमार, भगवत सिंह बैंस, अजय प्रताप सिंह तोमर, धर्मेंद्र सिंह परमार, राजपूत करणी सेना जिलाध्यक्ष सत्यप्रताप सिंह परमार, किसान संघ के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# मरीज के लिगामेंट का सफल ऑपरेशन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**




जिला जालौन के कोंच निवासी आशीष पुत्र मुकुल नारायण को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) में बीती 20 जनवरी को भर्ती कराया गया था, जिनके वायें घुटने के लिगामेन्ट ऑपरेशन कराना था। मरीज के परीक्षण उपरान्त अस्थि रोग विभाग की टीम ने ऑर्थोस्कोपी जो कि एक विशेष प्रकार की शल्य चिकित्सा पद्धति है जिसमें बिना चीर फाड के दूरबीन द्वारा घुटने का सफल ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। 21 जनवरी 2026 को मेडीकल कॉलेज के अस्थि रोग में मरीज आशीष का ऑपरेशन सह आचार्य डा.सौरभ साहू, वरिष्ठ ऑर्थो सर्जन डा.निर्भय नारायण सिंह, सहायक आचार्य डा.शुभम असाटी, वरिष्ठ परामर्शदाता डा.एम.सी. गुप्ता, निश्चेतना विभाग सहायक आचार्य डा.कौशल बिजलानी, निश्चेतना विशेषज्ञ डा.चेतनराज आदि ने सफलतापूर्वक कर दिया। ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन द्वारा की गयी जोडो की सर्जरी) जिसे की-हॉल सर्जरी भी कहा जाता है, विश्व स्तरीय आधुनिक पद्धति है। इस ऑपरेशन में पारम्परिक ऑपरेशन की तुलना में कम दर्द, कम संक्रमण एवं शीघ्र रिकवरी होती है। इस ऑपरेशन के उपरान्त मरीज को शीघ्र ही अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाता है। इस प्रकार के जटिल ऑपरेशन अब जनपद की जनता को मेडिकल कॉलेज द्वारा निरन्तर प्रदान किये जा रहे हैं, जो कि कभी किसी समय में सिर्फ बडे महानगरों में सम्भव थे। उक्त मरीज को 27 जनवरी 2026 को पूर्ण स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद चिकित्सा महाविद्यालय से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

# श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ का दिव्य आगमन आज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**

भगवान श्रीसत्य साईं बाबा के सार्वभौमिक संदेश सबसे प्रेम करो, सबकी सेवा करो को जन-जन तक पहुँचाने हेतु श्रीसत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का ललितपुर जनपद में भव्य एवं दिव्य आगमन 31 जनवरी (शनिवार) को सायं 5 बजे होटल आर्यन इन में होगा।



यह रथ यात्रा प्रेम, करुणा, सद्भाव और निःस्वार्थ सेवा पर आधारित एक व्यापक आध्यात्मिक जन जागरण अभियान है। श्री सत्य साईं सेवा समिति ललितपुर जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि श्री सत्य साईं बाबा ने अपने जीवन और उपदेशों के माध्यम से मानवता की एकता, सार्वभौमिक प्रेम और निःस्वार्थ सेवा का मार्ग दिखाया। उनका संदेश धर्म, जाति और पंथ से ऊपर उठकर सम्पूर्ण मानव समाज को जोडऩे का है। प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा इसी दिव्य दर्शन को मूर्त रूप देते हुए हृदय से हृदय तक प्रेम की ज्योति प्रज्वलित कर रही है। उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि 31 जनवरी को तालबेहट में रथ का आगमन 1 बजे होगा।

## श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस ने लगाया मोतियाबिंद शिविर

# 500 की आंखें जांची, 300 मरीजों का होगा निशुल्क ऑपरेशन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर**




सामाजिक सरोकार की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस द्वारा शुक्रवार को एक विशाल निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और जरूरतमंद लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जांच शिविर में 500 से अधिक मरीजों ने अपनी आंखों का परीक्षण करवाया। जांच के दौरान मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए 300 से अधिक मरीजों का चयन किया गया है। इन सभी का निशुल्क ऑपरेशन 31 जनवरी और 1 फरवरी को संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम में कंपनी के बिजनेस हेड आशीष सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मरीजों और उनके तीमारदारों को संबोधित करते हुए आशीष सिंह ने कहा कि कंपनी की ग्रोथ का एक मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस अपने मुनाफे का एक हिस्सा सामाजिक कार्यों (ष्टस्क्र) में निवेश करती है, ताकि आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। शिविर के उपरांत स्थानीय होटल में कंपनी की एक महत्वपूर्ण बिजनेस मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग से पूर्व आयोजित पत्रकार वार्ता में बिजनेस हेड ने मीडिया के सवालों का बड़ी सहजता से जवाब दिया। उन्होंने निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रकाश डाला जिनमे बीमा की अनिवार्यता सरल भाषा में समझाते हुए उन्होंने बताया कि अनिश्चितताओं के दौर में बीमा क्यों जरूरी है। कंपनी का बढ़ता कारवां उन्होंने कंपनी की विकास दर और भविष्य की योजनाओं की बारीकी से जानकारी दी। पत्रकारों के हर तकनीकी और व्यापारिक सवाल का उन्होंने बिंदुवार उत्तर दिया।

भवन निर्माण अनुमति के लिए नगरपालिका में दिए गए आवेदन, डायवर्सन एवं रजिस्ट्री के सर्वे नंबर में भारी गड़बड़ी

# एसडीएम और सीएमओ की खामोशी: कब्जाधारी बेखौफ होकर कर रहे रास्ते पर अवैध निर्माण!

## पटवारी ने किसको लाभ देने के लिए रिपोर्ट में भूमि को विवादित होना छुपाया






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर में राजस्व विभाग और नगरपालिका की लापरवाही अब खुलकर सामने आने लगी है। निर्माण की अनुमति जिन सर्वे नंबरों पर दी गई, वास्तविक निर्माण उनसे अलग सर्वे नंबरों पर किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। हालात यह हैं कि कब्जाधारी खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए लगातार निर्माण कर रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

सूत्रों के अनुसार, नगरपालिका ब्यावरा द्वारा 2023 में सुठालिया वायपास रोड पर सर्वे नंबर 566/1 भवन के निर्माण के लिए अनुमति देना बताया जा रहा है जबकि डायवर्सन में बनेसिंह का उसी निर्माणाधीन भूमि का सर्वे नंबर 566/1/7 है जबकि रजिस्ट्री में यही सर्वे नंबर अलग है। सर्वे नंबर की हेराफेरी और निर्माण अनुमति से संबंधित अधिकारियों की लापरवाही को समझा जा सकता है जिसके चलते आज रास्ते पर ही निर्माण हो गया और सभी चुप्पी साधे बैठे है। यह सीधा-सीधा नियमों का उल्लंघन है, फिर भी न तो राजस्व विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई की और न ही नगरपालिका द्वारा निर्माण रोकने की पहल की गई।पीडित पक्ष का कहना है कि इस मामले की जानकारी कई बार एसडीएम और नगरपालिका के सीएमओ को दी जा चुकी है, लेकिन दोनों अधिकारियों की खामोशी से कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हैं। अवैध निर्माण दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है, जिससे भविष्य में बड़े विवाद और कानून व्यवस्था की स्थिति बनने की आशंका है। नगरवासियों में इस बात को लेकर रोष है कि सामान्य नागरिकों पर नियमों का सख्ती से पालन कराया जाता है, जबकि प्रभावशाली लोगों के मामले में अधिकारी आंखें फेर लेते हैं। लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो ब्यावरा में अवैध निर्माण और कब्जों की बाढ़ आ जाएगी।

### पटवारी बोले - हमसे जिन बिंदुओं पर जानकारी मांगी दे दी

इस मामले में श्रीनाथ पालीवाल पटवारी से जब विवादित भूमि होते हुए भी साधारण रिपोर्ट देने पर पूछा गया तो उन्होने कहा की मेरे से एसडीएम ने जिन विंदुओं पर जानकारी मांगी थी उस पर बनाकर दे दी। ऐसे में यह यक्ष प्रश्न यह है कि जब सर्वे नंबरों में इतनी भिन्नता थी फिर भी बनेंसिह को विशेष सहयोग क्यों किया गया एवं सच को सामने लाकर रिपोर्ट क्यों नहीं बनबाई गई।

### मामले की गंभीरता के चलते पूर्व एसडीएम ने नहीं दिया था निर्णय

पूर्व एसडीएम गीतांजली शर्मा के कार्यकाल में भी यह मामला संज्ञान में था परंतु उन्होने भी मामले की गंभीरता को समझते हुए अपने कार्यकाल में कोई निर्णय नहीं दिया परंतु वर्तमान एसडीएम ने पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर विवादित मामले में एक पक्षीय निर्णय दे दिया। जिसके कारण स्थिती बिगडना शुरू हो गई है । दूसरी ओर बनेसिंह अवैध निर्माण को लगातार जारी रखे हुए है और दूसरी मंजिल की छत भी डाल दी । आने वाले समय में यदि मामला तूल पकडता है तो प्रशासन को इन सारे पहलुओं पर पुर्नविचार करते हुए कार्रवाई करना पड सकती है।

### चर्तुसीमा में है रास्ता

यदि प्रशासन इस मामले पर ठीक से संज्ञान लेता तो बनेसिंह, कमलाबाई एवं राजेश यादव की रजिस्ट्री का परीक्षण किया जाए तो उसमें 15 वाय 45 फिट का रोड है फिर भी बिना किसी जांच के पटवारी ने अपनी गलत रिपोर्ट देकर 15 वाय 45 का रास्ता बंद करवाते हुए उस पर अवैध कब्जा करवा दिया।

### नगरपालिका ने खाली प्लॉट बताकर दी निर्माण की अनुमति

नगरपालिका लापरवाही की पराकाष्ठा यह है कि जिस प्लॉट पर भवन निर्माण की अनुमति गलत सर्वे के आधार पर दी गई उसे खाली प्लॉट बताकर 2023 में अनुमति दी गई जबकि बनेसिंह का मकान 10 साल पहले ही बनकर तैयार हो चुका था। क्यों नगरपालिका ने निर्माण अनुमति देने के पहले मौका मुआयना नहीं किया।

### दिखवाते हैं...

हम चेक करवा लेते हैं हमने किस जगह के निर्माण की अनुमति दी है यदि सहीं जगह निर्माण नहीं पाया गया तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

इकरार अहमद,
सीएमओ नपा ब्यावरा

# एसडीएम के आश्वासन पर माने सफाईकर्मी, खत्म की हड़ताल



प्रत्येक माह 15 तारीख के पहले मिल जाएगी सभी को पगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हर माह समय पर वेतन देने सहित अन्य मांगों को लेकर राजगढ़ नगर पालिका के सफाईकर्मियों द्वारा गुरुवार से शुरू की गई हड़ताल का शाम होते-होते पटाक्षेप हो गया। सुबह से शाम तक नगर पालिका दफ्तर के सामने धरना देकर बैठे सफाईकर्मियों को एसडीएम निधि भारद्धाज ने आश्वासन दिया कि हर माह की पहली से 15 तारीख के बीच सभी सफाईकर्मियों को उनके मानदेय का भुगतान करवा दिया जाएगा।

एसडीएम के इस आश्वासन के उपरान्त सभी स्वच्छताकर्मी माने और अपनी हड़ताल समाप्त की। सफाईकर्मियों की मांगों को जायज ठहराते हुए पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने भी उनका समर्थन किया और वे भी हड़ताली कर्मचारियों के साथ पूरे दिन टैंट के नीचे धरना देकर बैठे रहे। इसके साथ ही नपा के पार्षद प्रतिनिधियों के.पी. पंवार, संदीप कटारिया ने भी कर्मचारियों का समर्थन किया और वे भी धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। सफाई कर्मचारी संगठन ब्लॉक अध्यक्ष पवन घेंघट ने बताया कि एसडीएम सहित नगर पालिका के अधिकारियों ने अन्य मांगों के संबंध में भी यथोचित निर्णय लेकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

### पूरे नगर में दिन भर नहीं हुई सफाई

सफाई कर्मचारियों की इस पूर्व घोषित हड़ताल के चलते गुरुवार को नगर के किसी भी वार्ड में साफ-सफाई नहीं हो पाई। इसके चलते पूरे दिन जगह-जगह गंदगी और कूड़ा-करकट के ढेर नजर आए। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर नपा का सफाई वाहन भी नहीं पहुंच पाया ऐसे में रहवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने किया भूमिपूजन

# साढ़े तीन करोड़ की लागत से विभिन्न गांवों में होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



क्षेत्र में ग्रामीण विकास को नई गति देने के उद्देश्य से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित किया गया। तहसील के विभिन्न गांवों में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने इन विकास एवं निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार विकसित मध्यप्रदेश की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। पूरे प्रदेश में सड़कों, भवनों और मूलभूत सुविधाओं के निर्माण कार्य निरंतर गति पकड़ रहे हैं, जिनका लाभ आने वाले समय में आमजन को स्पष्ट रूप से देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा डोर में 2 करोड़ 23 लाख की लागत से हिनोतिया से बरखेड़ा डोर मार्ग एवं पुलिया निर्माण, मंडावर में 34 लाख की लागत से दो आंगनवाड़ी भवन एवं पुलिया निर्माण, नुन्याहेड़ी में 36 लाख की लागत से सीसी रोड एवं सामुदायिक भवन निर्माण, कुराड़यिा खेड़ी में 10 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, तथा हरलाय में 40 लाख की लागत से सीसी रोड एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान...

# कुष्ठ जीवाणुजनित रोग पूरी तरह से इलाज योग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि एवं विकसित भारत अभियान के अवसर पर स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक संपूर्ण कालापीपल ब्लॉक में संचालित होगा। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. यशवंत परमार व एनएमए गोवर्धनलाल पवांर ने बताया कि अभियान का प्रमुख उद्देश्य समाज में कुष्ठ रोग को लेकर व्याप्त भय, भ्रांतियों एवं भेदभाव को समाप्त करना है, साथ ही रोग की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर निःशुल्क एमडीटी उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि कुष्ठ रोग से होने वाली विकृतियों को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के शरीर पर हल्के या फीके तांबई रंग के दाग-धब्बे जिनमें सुन्नपन हो, हाथ-पैरों में झुनझुनाहट या सुन्नता, त्वचा का सूखापन, चेहरे पर तेलिया चमक अथवा शरीर में छोटी-छोटी गांठें दिखाई दें तो ऐसे व्यक्ति कुष्ठ रोग के संभावित मरीज हो सकते हैं। ऐसे व्यक्तियों को नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए।

### डोंगर में निशुल्क दंत स्वास्थ्य शिविर

**राघौगढ़।** शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में डीवीएस एडवांस डेंटल क्लिनिक द्वारा निःशुल्क स्कूल दंत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. साहिब सलीम एवं डॉ. रिया जैन ने बच्चों के दांतों की जांच कर दंत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने दिए निर्देश

# 3 चिकित्सकों को निलंबन के नोटिस, कुछ को मिली प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार दोपहर कलेक्टोरेट सभागार में मेडली पीआर एवं सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा हुई। समीक्षा के दौरान सामने आया कि ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहगढ़, खुजनेर एवं खिलचीपुर द्वारा मेडली पीआर की रिपोर्ट समय पर पोर्टल पर दर्ज नहीं की जा रही है। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के सस्पेंशन का प्रस्ताव आयुक्त (कमिश्नर) को भेजने के निर्देश दिए। इसी क्रम में डॉ. धर्मेंद्र बामनिया (तलेन), डॉ. प्राची गहलोत एवं डॉ. सावन कोडिया द्वारा भी कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर निलंबन नोटिस जारी करने हेतु कमिश्नर को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट किया कि शासन की योजनाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों में अज्ञात वाहनों की पहचान कर उनका शीघ्र खात्मा करें तथा सभी प्रकरण रिपोर्ट सहित निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

# बिजली कर्मी ने गार्ड की बंदूक लेकर दबा दिया ट्रिगर, इलाज के लिए राजगढ़ रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पचोर में मजाक में चली गोली से एक घायल



पचोर में एमपीईबी के कर्मचारी ने गार्ड की बंदूक हाथ में लेकर सहकर्मी की और तान दी। मजाक-मजाक में तानी गयी बंदूक का ट्रिगर दबने से सहकर्मी लाईनमेन का हाथ जख्मी हो गया। जिसे पुलिस ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया और प्राथमिक उपचार के बाद राजगढ़ रेफर किया है। जबकि आरोपी बंदूक चलाने वाले युवक सहित गार्ड को भी आरोपी बनाया है। थानाप्रभारी शकुंतला बामनिया ने एमपीईबी कार्यालय के बाहर गार्ड भगवानसिंह दाँगी निवासी कांकरिया बंदूक साइड में रखकर मोबाइल चला रहा था। साथ में लाईनमेन रामबाबू परमार (सोंधिया) भी बैठा था। इस दौरान अजय बैरागी नामक लाईनमेन आया और मजाक-मजाक में बंदूक उठाकर सहकर्मी रामबाबू की और तान दी। इसी दौरान लापरवाही से बंदूक का ट्रिगर दब गया जिससे रामबाबू का हाथ में कोहनी के यहां गोली लगी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया।

# पुरा क्षेत्र में लावारिस भ्रूण मिला, जांच में खुली परतें

**राजगढ़।** पुरा क्षेत्र स्थित कब्रिस्तान के समीप के नाले में गुरुवार दोपहर एक लावारिस भ्रूण मिलने की खबर ने सभी को सकते में डाल दिया। हालांकि, बाद में पुलिस द्वारा की गई जांच में सामने आया कि उक्त मृत भ्रूण के जन्म उपरान्त परिजनों द्वारा उसे कब्रिस्तान में दफना दिया गया था जिसे कुत्ते या अन्य जानवरों बाहर निकालकर क्षत-विक्षत कर दिया गया। हालांकि, पुलिस जांच के पूर्व लोगों द्वारा कई तरह के कयास लगाते हुए इसे गर्भपात जैसे अपराध से जोड़कर देखा जा रहा था। पुलिस ने बताया कि भ्रूण के पोस्टमार्टम उपरान्त उसे संबंधित परिजनों को सौंप दिया गया है। इसके पूर्व मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस टीम ने संबंधित महिला द्वारा 28 जनवरी को जिला अस्पताल में करवाई गई जांच, ओपीडी रजिस्टर इत्यादि भी खंगाले।

# किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत सारंगपुर विकासखंड में कृषि रथ का संचालन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाए जाने के उपलक्ष्य में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से विकासखंड सारंगपुर में कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है।कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के समस्त विकासखंडों में कृषि एवं संबद्ध विभागों कृ पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन आदि कृ के माध्यम से कृषि रथ चलाए जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संवाद स्थापित कर नवीन तकनीकी सुधारों की जानकारी खेत-खलिहान तक पहुंचाना है। इसी क्रम में विकासखंड सारंगपुर के ग्राम सुल्तानिया, नारण्या एवं गुलखेड़ी में कृषि रथ पहुंचा, जहां उपस्थित विभागीय दल द्वारा किसानों को विभिन्न शासकीय कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कृषकों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा इसके दीर्घकालिक लाभों से अवगत कराया गया। साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर उपयुक्त फसलों के चयन एवं संतुलित उर्वरकों के प्रयोग की उपयोगिता समझाई गई।

इसके अतिरिक्त किसानों को खाद वितरण की ई-विकास प्रणाली की जानकारी देते हुए पारदर्शी एवं सरल व्यवस्था के लाभ भी बताए गए।

जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची से नाम हटाने के आरोप

# मामले की निष्पक्ष व गहन जांच हो, कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए कथित रूप से ऑनलाइन माध्यम से संगठित छेड़छाड़ किए जाने के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने प्रशासन के समक्ष गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर किशोर कन्याल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की। कांग्रेस की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि गुना, बमोरी, राघौगढ़ और चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के उद्देश्य से फर्जी और भ्रामक आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं।

पार्टी का दावा है कि स्थानीय स्तर पर किए गए सत्यापन, बीएलओ और कार्यकर्ताओं से मिली जानकारी में यह सामने आया है कि जिन मतदाताओं के नामों पर आपत्तियां दर्ज कराई गईं, वे जीवित हैं और लंबे समय से अपने पते पर निवास कर रहे हैं। कई मतदाताओं को इस बात की जानकारी तक नहीं थी कि उनके नाम से कोई आपत्ति दर्ज की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि गुना शहर के वार्ड क्रमांक 11, 13 और 16 के अलावा जीनघर, कर्नलगंज और कैंट क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों के उदाहरण सामने आए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि यह पूरा मामला ऑनलाइन डिजिटल पोर्टल के माध्यम से किया गया, जिससे इसे साइबर अपराध और संगठित धोखाधड़ी की श्रेणी में रखा जाना चाहिए।कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर से मांग की कि जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में दर्ज ऑनलाइन आपत्तियों की साइबर फॉरेंसिक जांच कराई जाए और आईपी एड्रेस, डिवाइस डिटेल तथा लॉगिन पैटर्न के आधार पर वास्तविक दोषियों की पहचान की जाए। साथ ही पोर्टल से जुड़े सभी डिजिटल रिकॉर्ड और लॉग्स को सुरक्षित रखने की भी मांग की गई, ताकि साक्ष्य नष्ट न हो सकें।

कांग्रेस का कहना है कि यह मामला सीधे तौर पर नागरिकों के संवैधानिक मताधिकार और लोकतांत्रिक व्यवस्था की निष्पक्षता से जुड़ा हुआ है। इसलिए प्रशासन को इस पूरे प्रकरण में त्वरित, पारदर्शी और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।